जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 106
दिनांक 09.06.2023

जनेकृविवि के 07 छात्रों का कैम्पस सलेक्शन

जबलपुर 09 जून, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बीज अनुसंधान एवं उत्पादन क्षेत्र की दो अग्रणी संस्थाओं के द्वारा स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं हेतु कैम्पस का आयोजन किया गया। उक्त दोनों कंपनियां हैदराबाद में उन्नत बीज अनुसंधान एवं एवं उत्पादन में अग्रणी संस्था है। यह कैम्पस सिलेक्शन बीज अनुसंधान व उत्पादन हेतु युवा कृषि वैज्ञानिक के पद हेतु आयोजित किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल प्रभारी ने बताया कि उक्त कैम्पस सहगल फाउंडेशन, हैदराबाद द्वारा विभिन्न चार चरणों में आयोजित किया गया। इस पूरी प्रक्रिया उपरांत 05 विद्यार्थियों का चयन 5.0 लाख के सालाना पैकेज पर हाईटेक सीड कंपनी में चयन हुआ एवं सहगल फाउंडेषन में 02 विद्यार्थियों का रूपये 7.0 लाख के सालाना पैकेज पर चयन किया गया।

उक्त पूरी प्रक्रिया में सहगल सीड फाउंडेशन के वरिष्ठ निदेशक डॉ. मुरलीधर गुप्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. अमित कुमार शर्मा, उपस्थित रहे। साक्षात्कार संपन्न कराने में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के दुष्यंत तोमर, राजू चौहान, यशवन्त सिंह राजपूत एवं अनूप चौधरी का विशेष योगदान रहा।